दैनिक सवेरा
अंधेरे से उजाले की ओर... टाइम्स

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय ने मनाया स्वतंत्रता दिवस, स्टूडैंट ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

अंबाला शहर, 16 अगस्त (विशाल सहोता) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय, अधोया (बराड़ा) बराड़ा में 75वीं वर्षगांठ स्वतंत्रता दिवस शीर्षक आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की शृंखला के अंतर्गत बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। जहां मुख्यातिथि के रूप में राज कुमार सांगवान ने शिरकत की। वहीं कार्यक्र म अध्यक्ष रमेश कुमार सांगवान थे। इसी तरह कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने अपनी उपिस्तथि दर्ज की। कार्यक्र म का प्रारंभ ध्वजारोहण करके किया गया। देशिभक्त व आत्मीयता से परिपूर्ण रंगारंग व सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे देशिभक्त गीत, भाषण, नृत्य आदि की प्रस्तुति डी.एल.एड. व बी.एड. के छात्रों ने बहुत ही उल्लास से की। जिससे सम्पूर्ण वातावरण जोश व उत्साह से भर गया। मंच का संचालन सहायक प्रोफैसर अलका रानी व पूजा रानी के द्वारा किया गया। मुख्यातिथि महोदय राज कुमार सांगवान ने आजादी के इस पवित्र दिन को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता सैनानियों के अथक प्रयत्नों व बलिदान से विद्यार्थियों को जागरूक किया व साथ ही साथ इस आजादी को कायम रखने के लिए व एक अच्छा नागरिक बनने के लिए कहा। कार्यक्र म अध्यक्ष श्र रमेश सांगवान ने आज़ादी के महत्व को बनाये रखने के लिए एक युवा अध्यापक की देश के प्रति जागरूकता व सजगता को कायम रखने की प्रेरणा दी। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने आज़ादी के अमृत महोत्सव की पृष्ठभूमि व देश के प्रति निष्ठा, एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए आवश्यक कर्तव्यों व अधिकारों के पालन पर जोर दिया। धन्यवाद प्रस्ताव सहायक प्रोफेसर श्रीमती आशा रानी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीयगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सिह विद्यार्थी एवं गैर- शैक्षणकि स्टाफ मौजूद रहा।



स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि संग मौजूद कार्यक्रम अध्यक्ष, प्राचार्य, स्टाफ सदस्य व स्टूडैंट।(सवेरा)

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

6 Sep 2021

चाहिए। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। लिखा गया जिसमें जीवन का गूढ़

# शिक्षक के भीतर एक छात्र छिपा

- लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में अध्यापक दिवस पर आयोजन, आदर्शों पर चलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



बराड़ा। कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोग। फोटो : हरिभूमि

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में अध्यापक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रबंधक राज कुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान व कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने शिरकत की। कार्यक्रम में डीएलएड व बीएड के छात्रों ने अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान व आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन सहायक प्रोफेसर आशा रानी व सहायक प्रोफेसर पूजा रानी के द्वारा किया गया। मुख्य प्रबंधक राजकुमार सांगवान ने अध्यापक दिवस के उपलक्ष्य पर सर्वप्रथम कॉलेज के शिक्षक वर्ग को इस दिवस पर हार्दिक बधाई दी व साथ ही साथ उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंधक राज कुमार सांगवान ने कहा कि एक योग्य शिक्षक वह है जिसके भीतर हमेशा एक छात्र रहता है। हम एक शिक्षक से अपेक्षा करते हैं कि वह जो कुछ भी कहता है वह सही, शुद्ध और सत्य हो। प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने कहा कि एक अध्यापक को अपने विद्यार्थी के साथ आत्मीयता की भावना से ओत-प्रोत होना चाहिए। अन्य व्यवसायों में लोग कागज, मशीन और अन्य बेजान वस्तुओं से ज्यादा सरोकार करते हैं लेकिन शिक्षकों का सरोकार उन बच्चों से होता है, जिनका दिमाग हमेशा सक्रिय रहता है। बच्चों के दिमाग को नियंत्रण में रखना और उन्हें ज्ञान देना एक कुशल शिक्षक ही कर सकता है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित विद्यार्थी एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ भी मौजूद रहा।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय ने मनाया जन्माष्टमी पर्व

अंबाला शहर, 30 अगस्त (विशाल): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया बराड़ा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। जहां मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने शिरकत की। कार्यक्र म की अध्यक्षता कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने की। महाविद्यालय प्रांगण को बहुत ही आकर्षिक ढंग से सजा कर कृष्णमय वातावरण तैयार किया गया। कार्यक्र म में कॉलेज चेयरमैन , सचिव, प्राचार्या तथा सभी प्राध्यापकों ने विधिवत श्री कृष्ण जी की पूजा अर्चना की व प्रसाद ग्रहण किया। चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने कहा कि सभी को श्रीकृष्ण के जीवन सार रूप में अच्छाई व कर्मयोग को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने सभी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। सचिव रमेश सांगवान ने कहा कि हमें अपने जीवन में श्री कृष्ण द्वारा दिए गए संदेश 'कर्म करो, फल की इच्छा मत करो' को अपनाकर सुखी जीवन व्यतीत करना चाहिए। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व को बताया। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक व कॉलेज का गैर शैक्षणकि स्टाफ उपस्थित रहा।



पर्व के दौरान श्री कृष्ण को झूला झुलाते कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान व प्राचार्य डॉ. रेनू सहोता। (सवेरा)

दैनिक सवेरा
Tue, 31 August 2021
epaper.dainiksaveratimes.org/c/62813768

# कॉलेज में आयोजित पीटीएम में अभिभावकों ने लिया भाग



बराड़ाः अभिभावकों को सम्मानित करते हुए कॉलेज का स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

बराड़ा, 18 सितम्बर (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में पीटीएम का आयोजन किया गया जिसमें डीएलएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ शिरक्त की। बैठक का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद पीपीटी के माध्यम से कॉलेज में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया गया। महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान, प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता व कॉलेज के प्राध्यापक ने अभिभावकों से विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस बैठक में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए व सुझाव दिए गये। इस अवसर पर विद्यार्थी कुमारी सरवजीत कौर के माता-पिता को अपनी संतान के प्रति सजग और जागरूक अभिभावक के रूप में बैठक में शिरकत करने के लिए महाविद्यालय की तरफ से आभार स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्राध्यापक अनिल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीयगान के साथ किया गया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
19-Sep-2021
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20210919/27/9/1_1.cms

# साईबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

बराड़ा, 7 अप्रैल (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में एक दिवसीय क्षेत्रीय कम्प्यूटर विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'साइबर सुरक्षा' पर आधारित रहा। कार्यशाला में कम्प्यूटर विज्ञान क्षेत्र विशेषज्ञ मीरा भल्ला ने शिरकत की।

इस कार्यक्रम में सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल उगाला, संत प्रेम सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, आधुनिक शिक्षा संस्थान अधोया, विद्याभारती स्कूल अधोया, शेम्फोर्ड फ्यूचरिस्टिक बराड़ा, पब्लिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराड़ा, अकाल अकादमी होली, डी.ए. वी. स्कूल बराड़ा, एसएमएस पब्लिक स्कूल बराड़ा, जनता पब्लिक स्कूल बराड़ा, आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहरा देहरा, जय पब्लिक स्कूल अधोई के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान और कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख ज्योति प्रज्वलन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने साईबर की मदद होने वाले फ्रॉड व उसने बचने के टिप्स दिए। इस मौके पर नरेश कुमार, अनिल कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यगण मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
08-Apr-2022
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20220408/27/9/1_1.cms

# कार्यशाला में साइबर सुरक्षा के बारे में किया जागरूक




मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कालेज प्रंबधन। (मसोन)

## एक दिवसीय क्षेत्रीय कम्पयूटर विज्ञान कार्यशाला आयोजित

बराड़ा, 7 अप्रैल (उमेश) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में एक दिवसीय क्षेत्रीय कम्पयूटर विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय 'साइबर सुरक्षा' पर आधारित रहा। कार्यशाला में कम्पयूटर विज्ञान क्षेत्र विशेषज्ञ मीरा भल्ला ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल उगाला, संत प्रेम सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, आधुनिक शिक्षा संस्थान अधोया, विद्याभारती स्कूल अधोया, शेम्फोर्ड फ्यूचिरस्टिक बराड़ा, पब्लिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराड़ा, अकाल अकादमी होली, डी.ए. वी. स्कूल बराड़ा, एसएमएस पब्लिक स्कूल बराड़ा, जनता पब्लिक स्कूल बराड़ा, आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहरा देहरा, जय पब्लिक स्कूल अधोई के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का प्रांरभ कालेज के कार्यकारी प्रिंसीपल नरेश कुमार ने स्वागत भाषण से किया। कालेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान और कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख ज्योति प्रज्वलन कर आशीर्वाद लिया। मंच संचालन सहायक प्रोफैसर अनिल ने किया। कार्यक्रम में कम्पयूटर विज्ञान क्षेत्र विशेषज्ञ मीरा भल्ला ने अपने भाषण में कहा कि आज का युग इन्टरनेट का युग है। पूरी दुनिया सोशल मीडिया से जुड़ी है, परन्तु इसकी सुरक्षा के बारे हर कोई नहीं जानता। जिसके कारण बहुत सारी दुर्घटनाएं घटित होती है। जितना इसका हम सबके लिए फायदा है उतना ही नुक्सान भी है। इस मौके पर नरेश कुमार, अनिल कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यगण मौजूद रहे।

दैनिक सवेरा
Fri, 08 April 2022
epaper.dainiksaveratimes.org/c/6732

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

31 Mar 2022

### लार्ड कृष्णा कॉलेज में वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

# 100 मीटर दौड़ में मीनाक्षी व अंकुश अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण कॉलेज अधोया में 12 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के प्रधान राजकुमार सांगवान, कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश व कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण से किया । मंच संचालन सहायक प्रो. अनिल ने किया। कार्यकारी प्राचार्य नरेश ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया। कार्यक्रम में विभन्नि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर महिला रेस में मीनाक्षी प्रथम , प्रीती द्वितीय व मनीषा तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार 100 मीटर दौड़ पुरूष वर्ग में अंकुश पहले, वासुदेव दूसरे व मोहित व रमनदीप तीसरे स्थान पर रहे। लेमन स्पून रेस में महिला वर्ग में मनीप्रत कौर पहले व पुरूष वर्ग से वासुदेव प्रथम, संजीव दूसरे व रमनदीप तीसरे स्थान पर रहे। सैक रेस (बोरा दौड़ ) प्रतियोगिता में महिला वर्ग में नीतू प्रथम ,मनीषा द्वितीय तथा मीनाक्षी तृतीय स्थान पर रहे तथा पुरुष वर्ग में रमनदीप प्रथम , संजीव द्वितीय तथा अंकुश तृतीय स्थान पर रहे। थ्री लैग रेस की महिला वर्ग प्रतियोगिता में मनप्रीत और आशु प्रथम , मीनाक्षी और राखी द्वितीय तो करश्मिा और प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




बराड़ा। विजेता छात्राओं के साथ कॉलेज स्टाफ। *फोटो :हरिभूमि*

## खेलों का महत्व बताया

रूमाल खेल प्रतियोगिता मे महिला वर्ग मे प्रीती, सिमरन ,सोनिका, आकांशा, रीनू , नीतू ,शिवानी, मोनिका प्रथम रहे। रस्साकसी (टग ऑफ वॉर) प्रतियोगिता मे बी.एड. की छात्राओं ने बाजी मारी और पुरुषो मे बी.एड. के छात्रो ने बाजी मारी। 200 मीटर रेस मे महिला वर्ग प्रतियोगिता मे मीनाक्षी प्रथम, आशु द्वितीयऔर प्रीती ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। मटकी रेस मे नीतू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और म्यूजिकल चेयर महिला वर्ग मे मीनाक्षी ने और पुरुष वर्ग में रमनदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बेस्ट एथलीट महिला का पुरस्कार मीनाक्षी को और बेस्ट एथलीट पुरुष का पुरस्कार वासुदेव को दिया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि राजकुमार सांगवान ने बच्चो को अपने विचारो से प्रेरित किया व उनको खेलो के महत्व के बारे मे बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष रमेश सांगवान ने बच्चों को जीत की बधाई दी। कार्यकारी प्राचार्य नरेश कुमार ने भी बच्चो को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाया दम

अंबाला शहर, 30 अप्रैल (सत्यवान कैत) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया बराड़ा में 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्यातिथि के रूप मे राजकुमार सांगवान पहुंचे। वहीं कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में रमेश सांगवान व कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने अपनी उपिस्थति दर्ज की। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। मंच संचालन का कार्यभार सहायक प्रोफैसर अनिल ने किया। कार्यकारी प्राचार्य नरेश कुमार ने सभी अतिथियों का कार्यक्रम में स्वागत किया द्य कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर महिला रेस में मिनाक्षी प्रथम, प्रीती द्वितीय व मनीषा तृतीय स्थान पर रही। वहींद रूमाल खेल




विजेजा खिलाड़ियों के साथ मौजूद मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रीती सिमरन, सोनिका, आकांशा, रीनू, नीत, एशिवानी व मोनिका प्रथम रही। रस्साकसी, टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में बीएड की छात्राओं ने बाजी मारी। बेस्ट एथलीट महिला का पुरस्कार मीनाक्षी को और बैस्ट एथलीट पुरुष का पुरस्कार वासुदेव को दिया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बच्चों को अपने विचारों से प्रेरित किया व उनको खेलो के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष ने बच्चों को जीत की बधाई दी कार्यकारी प्राचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर स्टाफ सदस्य समेत अनके गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

# 'शिक्षा और समुदायों के बीच में भागीदारी' विषय पर करवाया वैबिनार

अंबाला शहर (सत्यवान कैत) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में 'शिक्षा और समुदायों के बीच में भागीदारी' विषय पर एक राष्ट्रीय वैबिनार का आयोजन किया गया। इस वैबिनार का उद्देश्य शिक्षा और समुदायों के बीच भागीदारी के बारे में चर्चा करना था। उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने सभी शिक्षाविदों का स्वागत भाषण एवं उनके समाज में विभिन्न भूमिकाओं के विषय में चर्चा करते हुए किया। डॉ. रेनू सोहता ने राष्ट्रीय वैबिनार कि विषय वस्तु के बारे में बताते हुए कहा कि किस तरह शिक्षा और समुदायों की आपस में भागीदारी है। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। मंच का संचालन वैबिनार के संयोजक अनिल कुमार ने निभाया। इस सत्र का आधार व्याख्यान प्रोफैसर अमरजीत सिंह (इतिहास प्रोफैसर, इतिहास विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र हरियाणा) द्वारा दिया गया। प्रोफैसर अमरजीत सिंह ने नैशनल वैबिनार की हार्दिक शुभकामनाएं दी उनका का विषय नैशनल एजुकेशन-2020 की थीम पर आधारित था। उन्होंने अपने भाषण में राष्ट्र शिक्षा के ऊपर जोर दिया, उनके अनुसार शिक्षा को देश तक सीमित न रखा जाए, बल्कि शिक्षा को एक वैश्विक विषय बनाया जाए। योजना सत्र के दूसरे वक्ता प्रोफैसर जसवीर कौर चहल (विजिटिंग फैकल्टी, फ्रेजर वैली, यूनिवर्सिटी, कनाडा, भारत केंद्र) ने 'शिक्षा एक प्राचीन एकरूपता लाने का साधन है' पर भाषण दिया।



वैबिनार में शामिल होते प्रोफैसर।

# बीएड कॉलेज में नए सत्र का हुआ शुभारंभ




बराड़ा : कार्यक्रम में विचार रखते हुए प्रवक्ता। (छाया: रहमदीन)

बराड़ा, 1 दिसंबर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा बीएड कॉलेज में बीएड प्रथम वर्ष के सत्र (2021-2023) का आगाज ओरिएंटेशन कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने स्वागत भाषण के द्वारा विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत किया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने सभी प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को नए सत्र के आरम्भ की शुभकामनाएं दी। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने विद्यार्थियों को नए सत्र की शुभकामनाएं दी और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार द्वारा किया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम पर चर्चा की गई। सहायक प्राध्यापक नरेश कुमार ने कहा कि शिक्षण सर्वोतम व्यवसाय है अध्यापन से हमें यश और बल की प्राप्ति होती है। इसके प्रति कर्तव्यनिष्ठा व मूल्यों के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते हुए अपने संदेश को विराम दिया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण और सभी विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
02-Dec-2021
Page: 12
http://www.ajitsamachar.com/20211202/27/12/1_1.cms

# सीडीएस बिपिन रावत व अन्य शहीदों को किया याद



बराड़ाः शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 9 दिसम्बर (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में बीते दिवस तमिलनाडु में एयर क्राफ्ट दुर्घटना में शहीद हुए सीडीएस जनरल बिपिन रावत व अन्य सैनिकों की शहादत को याद किया गया। इस दौरान आयोजित श्रद्धांजलि समारोह व शोकसभा में दिवंगतजनों की आत्मिक शांति की प्रार्थना की गई। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन कमेटी के चैयरमैन राजकुमार सांगवान ने जनरल बिपिन रावत की शहादत को राष्ट्र की क्षति बताया और उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने कहा कि जनरल बिपिन रावत को देश के प्रति कर्तव्यनिष्ठा व सेवा भावना के लिए हमेशा याद किया जायेगा। प्राध्यापक नरेश कुमार ने इस क्षति को कभी न पूर्ण होने वाली क्षति बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने जनरल बिपिन रावत सहित सभी शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मिक शान्ति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना की।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
10-Dec-2021
Page: 12
http://www.ajitsamachar.com/20211210/27/12/1_1.cms

# विश्व एड्स दिवस पर जागरुकता रैली निकाली




बराड़ा : रैली निकालते हुए कॉलेज के स्टूडेंट। (छायाः रहमदीन)

बराड़ा, 1 दिसंबर (रहमदीन): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में रेड रिबन क्लब के सौजन्य से 'विश्व एड्स दिवस' पर विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता एवं रेड रिबन मानव श्रृंखला बनाने का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने लाल रिबन पहन कर लोगों को एड्स जैसी खतरनाक बीमारी के प्रति जागरूक करने के लिए अडोप्टेड गांव अधोया में एक जागरूक अभियान का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने अपने भाषण के माध्यम से विद्यार्थियों को एड्स के प्रति जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने महाविद्यालय में इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सभी अध्यापकगण और विद्यार्थी मौजूद रहे।

अजीत समाचार 02-Dec-2021
Page: 12
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20211202/27/12/1_1.cms

# गायन प्रतियोगिता में रेनू प्रथम

बराड़ा, 8 मार्च (रहमदीन): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने वाली इलाके की मातृ शक्ति शामिल हुई। मुख्यातिथि के रूप में एसएमएस कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. प्रवीन वर्मा ने शिरक्त की। वहीं इस कार्यक्रम में इंदु कपूर प्रिंसिपल मॉडर्न एजूकेशन सीनियर सैंकेडरी स्कूल अधोया, गुरमीत कौर पूर्व प्रिंसिपल आदर्श स्कूल नाहरा, परमिंदर कौर सुखपाल स्कूल उगाला, निवेदिता इंचार्ज सांई एंजल एकेडमी अधोया व अन्य मेहमानों ने शिरक्त की। एकल गायन प्रतियोगिता में रेनू ने पहला और नीतू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में राज लक्ष्मी ने पहला, निशा ने दूसरा और मोनिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर सब स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

अजीत समाचार 09-Mar-2022
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220309/27/8/1_1.cms



बराड़ा : तिरंगा फहराते हुए कॉलेज का स्टाफ। (छाया : रहमदीन)

# शिक्षण महाविद्यालय अधोया में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

बराड़ा, 27 जनवरी (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में गणतन्त्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें कॉलेज चेयरमैन राज कुमार सांगवान व सचिव रमेश कुमार सांगवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण करके किया गया। मंच का संचालन सहायक प्रोफेसर अनिल के द्वारा किया गया। कॉलेज चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने एक गणतन्त्र राष्ट्र के नागरिक होने के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में बताया वहीं सचिव रमेश सांगवान ने गणतन्त्र दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रकट किये व सभी उपस्थित प्राध्यापकों को गणतन्त्र दिवस कि शुभकामनायें दी। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने अपने विचारों के माध्यम से सभी को देश के प्रति निष्ठा, एकता व अखंडता को बनाये रखने के लिए आवश्यक कर्तव्यों व अधिकारों के पालन पर जोर दिया। राष्ट्रीयगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित गैर-शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहे।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
28-Jan-2022
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20220128/27/9/1_1.cms

# लर्निंग मैनजमैंट सिस्टम विषय की बारीकियों के बारे में समझाया

बराड़ा, 25 जनवरी (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'इंटीग्रेटेड ऑफ लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम फॉर सस्टेनेबल एजुकेशन' विषय पर एक दिवसीय वर्चुअल क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्‌घाटन सत्र का प्रारंभ प्राध्यापक नरेश कुमार ने स्वागत भाषण से किया। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। कार्यशाला में मुख्य भाषण कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साईंस एंड एप्लीकेशन से सहायक प्राध्यापक डॉ.रमेश कैत ने प्रस्तुत किया गया। डॉ.रमेश कैत ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के विषय में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने गूगल क्लास, गूगल प्रोग्राम इत्यादि गूगल की अन्य सुविधाओं के विषय के बारे में बताते हुए कहा कि किस प्रकार से हम इन सुविधाओं के माध्यम से अपनी टीचिंग लर्निंग को प्रभावशाली बना सकते है। कार्यशाला में प्लेनेरी सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. मोनिका सहायक प्राध्यापक डिपार्टमैंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने शिरकत की। विदाई सत्र में प्राध्यापक नरेश कुमार ने विदाई भाषण दिया। कार्यशाला के अंत में प्राध्यापिका आशा रानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यशाला में मंच संचालन की भूमिका प्राध्यापक अनिल कुमार ने निभाई। कार्यशाला की मुख्य संयोजिका डॉ. कामिनी गुप्ता रहीं। कार्यशाला में पूरे हरियाणा से लगभग 60 विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अजीत समाचार 26-Jan-2022
Page: 19
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220126/27/19/1_1.cms

हरिभूमि
रोहतक - अंबाला
8 Apr 2022

# साइबर फ्रॉड से बचाव के टिप्स दिए

- लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा




बराड़ा। मुख्यातिथि का स्वागत करते कॉलेज प्रबंधन। फोटो :हरिभूमि

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महावद्यालय अधोया में एक दिवसीय क्षेत्रीय कम्प्यूटर विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य विषय साइबर सुरक्षा पर आधारित रहा। कार्यशाला में कंप्यूटर विज्ञान क्षेत्र विशेषज्ञ मीरा भल्ला ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में सुखपाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल उगाला, संत प्रेम सिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल उगाला, आधुनिक शक्षिा संस्थान अधोया, विद्यभारती स्कूल अधोया, शैंफोर्ड फ्यूचरस्टिकि बराड़ा, पब्लिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल बराड़ा, अकाल अकादमी होली, डीएवी स्कूल बराड़ा, एसएमएस पब्लिक स्कूल बराड़ा, जनता पब्लिक स्कूल बराड़ा, आदर्श सीनियर सैकेंडरी स्कूल नाहरा देहरा, जय पब्लिक स्कूल अधोई के अध्यापकों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला का प्रारंभ कॉलेज के कार्यकारी प्रिंसीपल नरेश कुमार ने स्वागत भाषण से किया। कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान , सचिव रमेश सांगवान और कोषाध्यक्ष साहिब सांगवान ने माँ सरस्वती के चत्रि के सम्मुख ज्योति प्रज्वलन कर आशीर्वाद लिया। मंच संचालन सहायक प्रोफैसर अनिल ने किया।

# अंकेषण टीम ने किया कालेज का दौरा

बराड़ा, 26 अगस्त (रहमदीन) : लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया अकादमिक और प्रशासनिक अंकेषण टीम ने सर्वेक्षण किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सत्र 2020-2021 की अकादमिक व गैर अकादमिक गतिवधियों का मुल्यांकन आईक्यूएसी के अंतर्गत पूर्ण रूप से संपन्न करना था। इस अंकेषण टीम के मुख्य चेयरमैन की भूमिका प्रोफैसर एसके चर्कव्रती ने निभाई तो टीम के अन्य सदस्यों में डॉ. कृष्णकान्त, प्राचार्य अग्गरवाल पी. जी. कॉलेज वल्लभगढ, डॉ. विनीत नागपाल, उच्च प्रवक्ता शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता की पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के द्वारा की गयी। इसके साथ-साथ सहायक प्रवक्ता नरेश कुमार व दलबीर सिंह ने बी.एड. व डी. एल. एड.पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण किया। इसके बाद संपूर्ण स्थापित प्रयोगशालाओं व क्लबों का दौरा व निरीक्षण किया गया।

अजीत समाचार 27-Aug-2022
Page: 7
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220827/27/7/1_1.cms

# लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया आजादी पर्व

जगमार्ग न्यूज

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया की ओर से यूजीसी के निर्देशानुसार देश के आजादी पर्व के शुभ अवसर पर विभिन्न सार्वजनिक स्थानों जैसे प्राथमिक चिकित्सा केंद्र, पेट्रोल पंप, पुलिस थाना और बिजली दफ्तर में जाकर प्रदर्शनियां लगाई गई। इस शुभ अवसर पर प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के चेयरमैन राजकुमार



सांगवान, सचिव रमेश सांगवान, प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता व सभी प्राध्यापकगणों ने गांव अधोया के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर एक रैली निकली व उनके साथ वार्तालाप किया।

# जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करना ज़रूरी : नरेश कुमार




**बराड़ाः कार्यक्रम में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कॉलेज स्टाफ। (छाया : रहमदीन)**

बराड़ा, 12 जून (रहमदीन) : लाई कृष्णा कॉलेज अधोया में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल, चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश कुमार सांगवान, खजांची साहिब सांगवान, वाइस चेरपर्सन कृष्णा सांगवान, रेनू सांगवान ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती की भावपूर्ण वंदना के साथ की गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। जिसमें बीएड और डीएलएड की छात्रा तमन्ना, आकांक्षा बंधनप्रीत और महक ने नृत्य से सभी का मन मोह लिया। बीए की छात्राओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें बंधनप्रीत विजेता रही। मिस अर्चना ने मिस चार्मिंग तथा जसप्रीत ने मिस इवनिंग का खिताब जीता। मिस बीएड का खिताब भारती ने हासिल किया। मिस डीएलएड का खिताब नीतू देवी ने जीता और मिस्टर डीएलएड का खिताब विजय ने प्राप्त किया। मंच संचालन सहायक प्रवक्ता अनिल व रश्मी ने किया। चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने बच्चों को अनुशासन में रहकर भाईचारे के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ. रेनू सहोता ने ऑनलाइन माध्यम से बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। लग्न के साथ पढ़ाई करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मोटिवेट किया। नरेश कुमार ने कहा कि हर बच्चे को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे पाने की चाह में दिन रात महनत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे पढ़ाई करते रहते है एक डिग्री प्राप्त करने के बाद दूसरी डिग्री करने के लिए दाखिला ले लेते है लेकिन उन्हें बनना क्या है डिसाइड नहीं कर पाते जिससे वह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाते। संयोजक जगवीर सिंह ने राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन कराया। इस मौके पर सब स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

अजीत समाचार 13-Jun-2022 Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220613/27/8/1_1.cms




मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए कॉलेज प्रबंधक। (छाया : रहमदीन)

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

बराड़ा, 31 मई (रहमदीन) : लॉई कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेडक्रास क्लब की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ . रेनू सोहता के नेतृत्व में यूथ रैडक्रॉस क्लब की अध्यक्षा आशा रानी द्वारा युवा पीढ़ी में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वछता रैली, विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और सड़क सुरक्षा जैसे ज्वलंत विषयों पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला के अंतर्गत महाविद्यालय में विस्तार व्याख्यान के लिए डॉ . विनय शंकर, दन्त चिकित्सक बराडा ने शिरकत की। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया । प्रो. अनिल ने मंच सचालन की भूमिका निभाई। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. नरेश ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. विनय ने अपने व्याख्यान में युवा शिक्षकों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुक्सान के बारे में बताया और सभी को नशा मुक्त जीवन जीने के लिए जागरूक किया।

अजीत समाचार 01-Jun-2022
Page: 9
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220601/27/9/1_1.cms

# महिला उत्पीड़न बारे में जानकारी दी

बराड़ा, 18 अप्रैल (रहमदीन) : लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैगिंक उत्पीड़न' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर चेयरमैन राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायक प्रोफेसर विभा गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इस विषय पर प्रकाश डाला व उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ को जागरूक किया। कार्यकारी प्राचार्य व सहायक प्रोफेसर नरेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को सूचित किया कि यदि निकट भविष्य में कार्यस्थल पर किसी के साथ भी लैंगिक उत्पीड़न जैसी घटना घटित होती है तो उसे उसका विरोध करना चाहिए। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी, अध्यापक व अन्य शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

अजीत समाचार 19-Apr-2022
Page: 9
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20220419/27/9/1_1.cms

# महिला उत्पीडन के बारे में जानकारी दी

बराड़ा, (जगमार्ग न्यूज)। लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में 'कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीडन' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर चेयरमैन राजकुमार खंगवान, सचिव रमेश सांगवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायक प्रोफेसर विभा गुप्ता ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से इस विषय पर प्रकाश डाला व उपस्थित विद्यार्थियों



और स्टाफ को जागरूक किया। कार्यकारी प्राचार्य व सहायक प्रोफेसर नरेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों को सूचित किया कि यदि निकट भविष्य में कार्यस्थल पर किसी के साथ भी लैंगिक उत्पीडन जैसी घटना घटित होती है तो उसे उसका विरोध करना चाहिए। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी, अध्यापक व अन्य शिक्षण स्टाफ मौजूद रहा।

हरिभूमि

रोहतक - अंबाला

27 Aug 2022

# अंकेषण टीम ने किया महाविद्यालय का दौरा

बराड़ा। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महावद्यिालय अधोया अकादमिक और प्रशासनिक अंकेषण टीम ने सर्वेक्षण किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सत्र 2020-2021 की अकादमिक व गैर अकादमिक गतिविधियों का मुल्यांकन आईक्यूएसी के तहत पूर्ण रूप से संपन्न करना था। इस अंकेषण टीम के मुख्य चेयरमैन की भूमिका प्रोफेसर एसके चक्रवर्ती ने निभाई तो टीम के अन्य सदस्यों में डॉ. कृष्णकांत अग्रवाल प्राचार्य पीजी कॉलेज वल्लभगढ, डॉ. विनीत नागपाल, उच्च प्रवक्ता शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत महावद्यिालय प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता की पॉवर पॉइंट प्रस्तुति के द्वारा की गयी। इसके साथ -साथ सहायक प्रवक्ता नरेश कुमार व दलबीर सिंह ने बीएड-डीएल एड पाठ्यक्रम के बारे में विस्तार से प्रस्तुतिकरण किया। इसके बाद संपूर्ण स्थापित प्रयोगशालाओं व क्लबों का दौरा व निरक्षिण किया गया। अकादमिक और प्रशानिक अंकेषण टीम के द्वारा आईक्यूएसी के सदस्यों के साथ एक औपचारिक बैठक का आयोजन किया ।अंत में टीम के द्वारा सम्पूर्ण अंकेषण रिपोर्ट का खाका प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता , मुख्य प्रबंधक राजकुमार सांगवान व आइक्यएसी की संयोजक आशा रानी को सौंपा गया।